संख्या–cm-256
15/04/2023

# मुख्यमंत्री ने मेदांता सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल द्वारा आयोजित मेदांता कॉन्क्लेव 2023 का किया उद्घाटन

**पटना, 15 अप्रैल 2023 :–** मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज एक्जीबिशन रोड स्थित होटल लेमन ट्री प्रीमियर में मेदांता सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल द्वारा आयोजित मेदांता कॉन्क्लेव 2023 का दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन किया।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि मेदांता कॉन्क्लेव 2023 के कार्यक्रम में उपस्थित आप सभी लोगों का मैं अभिनंदन करता हूं। डॉ0 नरेश त्रेहान और डॉ0 रणदीप गुलेरिया भी यहां उपस्थित हैं। डॉ0 रणदीप गुलेरिया से हमारा बहुत पुराना संबंध है। जब हम सांसद थे और केंद्र सरकार में मंत्री थे, उसी समय से हमारा उनसे संबंध है। वर्ष 2007 से ही डॉ0 नरेश त्रेहान जी से भी मेरा संबंध है। यहां कई प्रख्यात डॉक्टर उपस्थित हैं। वे सभी कॉन्क्लेव कार्यक्रम में मेडिकल साइंस की विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा करेंगे जो काफी उपयोगी होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जयप्रभा मेदांता सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल यहां बेहतर ढ़ंग से काम कर रहा है। पहले जहां जयप्रभा अस्पताल था, हमलोगों ने वहां जयप्रभा मेदांता सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल की शुरुआत करायी। इसका शिलान्यास वर्ष 2016 में किया गया था जबकि 2020 में इसका उद्घाटन किया गया। यहां मरीजों का बेहतर इलाज किया जा रहा है। यहां अच्छे डॉक्टर भी हैं। यहां 25 प्रतिशत सीट गरीब–गुरबा लोगों के इलाज के लिए आरक्षित की गयी है जिनकी आमदनी सालाना 2.5 लाख रुपये से कम है। सरकारी कर्मियों के इलाज के लिए भी यहां सीट आरक्षित की गई है। गरीब लोगों के इलाज के खर्च में मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता कोष से मदद की जाती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कैंसर के रोगियों को इलाज के लिए महाराष्ट्र के टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल जाना पड़ता है। हमारा आप सबसे निवेदन है कि जयप्रभा मेदांता सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में कैंसर रोग के इलाज की भी व्यवस्था करें। इसी दौरान डॉ0 नरेश त्रेहान ने कहा कि दो महीने में कैंसर का इलाज भी जयप्रभा मेदांता सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में शुरू हो जाएगा, इस पर मुख्यमंत्री ने उनका आभार जताया और कहा कि यहां कैंसर के मरीजों के इलाज की व्यवस्था हो जाने पर काफी सुविधा होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार के चिकित्सकों की डॉ0 नरेश त्रेहान ने प्रशंसा की है, यह खुशी की बात है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आजकल नई तकनीक आ गई है लेकिन पुरानी चीजों एवं कार्यों को लोग भूले नहीं। हमने स्वास्थ्य के क्षेत्र में कई कदम उठाए हैं। हमलोगों ने यहां अस्पतालों की संख्या बढ़ाई है और सरकारी अस्पतालों में मरीजों के इलाज की बेहतर व्यवस्था की गई है। पहले यहां मेडिकल कॉलेज और अस्पतालों की संख्या 6 थी जो अब बढ़कर 11 हो गयी है। हम चाहते हैं कि सभी जिलों में मेडिकल कॉलेज और अस्पताल बनाएं। पटना में एम्स बनाया गया है, वहां भी मरीजों का बेहतर इलाज हो रहा है। पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल सबसे पुराना अस्पताल है। इसको विश्वस्तरीय अस्पताल बनाया जा रहा है जहां 5400 बेड उपलब्ध रहेगा। इसका पुनर्निर्माण कार्य 3 फेज में हो रहा है। उन्होंने

कहा कि हमलोग चाहते हैं कि किसी को इलाज में असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि आपस में आपलोग कॉन्क्लेव में चर्चा करेंगे तो इससे कई नई बातें सामने आएंगी। जिससे इलाज अत्याधुनिक और बेहतर तरीके से हो पाएगा और लोगों को इससे लाभ होगा।

इस अवसर पर मेदांता ग्रुप के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ0 नरेश त्रेहान, एम्स दिल्ली के पूर्व निदेशक डॉ0 रणदीप गुलेरिया, मेदांता के सी0ई0ओ0 पंकज सहनी, डायरेक्टर एवं एच0ओ0डी0 कार्डियोलॉजी डॉ0 प्रमोद कुमार, डायरेक्टर कार्डियोलॉजी डॉ0 अजय सिन्हा, डायरेक्टर रेडिएशन, ओन्कोलॉजी डॉ0 राजीव रंजन प्रसाद, डायरेक्टर, सी0जी0बी0एस0 डॉ0 संजय, मेडिकल डायरेक्टर डॉ0 रविशंकर प्रसाद, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, स्वास्थ्य विभाग के सचिव श्री संजय कुमार सिंह सहित अन्य चिकित्सकगण उपस्थित थे।

मेदांता सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल द्वारा आयोजित मेदांता कॉन्क्लेव 2023 का उद्घाटन करने के बाद मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से बातचीत की। आज से जाति आधारित गणना के दूसरे चरण की शुरुआत होने के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि बख्तियारपुर में जहां मेरा जन्म हुआ वहीं से हम जाति आधारित गणना के दूसरे चरण की शुरुआत करने जा रहे हैं। जाति आधारित गणना करने वाली टीम को हम वहीं पर अपने बारे में जानकारी देंगे। मेरे भाई समेत परिवार के और लोग भी बख्तियारपुर में मौजूद हैं। कई राज्यों के लोग यहां आकर देखना चाह रहे हैं कि जाति आधारित गणना का काम बिहार में कैसा हो रहा है। हमने पहले ही कह दिया है कि जाति आधारित गणना का काम अच्छे ढंग से करना है।

सी0बी0आई0 द्वारा दिल्ली के मुख्यमंत्री श्री अरविंद केजरीवाल को पेश होने के लिए समन भेजे जाने के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आपलोग तो जानते ही हैं कि विपक्ष के लोगों के खिलाफ क्या—क्या काम हो रहा है। सभी लोगों ने अपने—अपने इलाके के विकास के लिए काफी काम किया है। उनकी काफी इज्जत है। आगे क्या होता है उस पर हम अभी क्या बोलें? वे समय आने पर अपना जवाब देंगे। सभी लोगों के एकजुट होने की संभावना है। सभी लोगों के एकजुट होने से बहुत ही अच्छे ढंग से काम होगा। यह देश के हित में है। देश को और आगे बढ़ाने के लिए यह सब कुछ हो रहा है।

*******